Serial Number

HD0650328

Roll No. 246134771

**D**

SET/सेट

# I-0751

**हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा वर्ष - 2024**

**Higher Secondary Examination (Main) - 2024**

## हिन्दी

## HINDI

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

www.rajeshsir.co.in

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×6=6

(i) चूरन बेचने का काम कौन करता है?

(अ) भगत जी (ब) मदन जी

(स) मोहन जी (द) जैनेन्द्र जी

(ii) न. वा. सौंदलगेकर मास्टर कौन सा विषय पढ़ाते थे?

(अ) गुजराती (ब) उड़िया

(स) मराठी (द) बांग्ला

(iii) "मुझे भी किताब चाहिए" वाक्य में निपात शब्द है –

(अ) चाहिए (ब) भी

(स) किताब (द) मुझे

(iv) भारत में पहला छापाखाना गोवा में कब खुला?

(अ) 1556 (ब) 1760

(स) 1880 (द) 1560

(v) सगुण भक्तिधारा को कितने भागों में बांटा गया है?

(अ) चार (ब) छः

(स) दो (द) तीन

(vi) जहाँ अर्थ से काव्य की शोभा बढ़ती है, वहाँ अलंकार होता है –

(अ) संदेह अलंकार (ब) अर्थालंकार

(स) शब्दालंकार (द) उभयालंकार

www.rajeshsir.co.in

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए : **1×6=6**

(i) हिन्दी में नेट पत्रकारिता की शुरूआत ________ के साथ हुई।
(वेब दुनिया / रीडिफ डाटकाम / तहलका डाटकाम)

(ii) कवि जग जीवन का ________ लिए फिरता है।
(उद्गार / प्यार / भार)

(iii) जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाय, वहाँ ________ अलंकार होता है।
(संदेह / भ्रांतिमान / व्यतिरेक)

(iv) 'मुक्तिबोध' उपन्यास के रचनाकार ________ हैं।
(मुक्तिबोध / जैनेन्द्र कुमार / प्रेमचंद)

(v) रचना के आधार पर वाक्यों को मुख्यतः ________ भागों में बांटा गया है।
(आठ / पाँच / तीन)

(vi) आनन्द यादव का मन ________ जाने के लिए तड़पता था।
(पाठशाला / खेत / मंदिर)

**3** सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए: **1×6=6**

(i) भक्तिन धर्मवीर भारती की रचना है।

(ii) 'संभवतः बरसात हो' प्रश्नवाचक वाक्य है।

(iii) राखाल दास बनर्जी 1922 में मुअनजो–दड़ो आए थे।

(iv) रेडियो श्रव्य माध्यम है।

(v) सूर्योदय होने पर ऊषा का जादू टूटने लगता है।

(vi) शब्द गुणों की संख्या तीन होती है।

**4** सही जोड़ी बनाकर लिखिए। **1×7=7**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) अंतरंग साक्षात्कार | (अ) हालावाद |
| (ii) हरिवंशराय बच्चन | (ब) सिल्वर वैडिंग |
| (iii) प्रगतिवाद | (स) तत्सम |
| (iv) यशोधरा | (द) कहानी |
| (v) कथानक | (इ) 1936 |
| (vi) संस्कृत के **मूल** शब्द | (ई) खण्डकाव्य (महाकाव्य) |
| (vii) यशोधर बाबू | (फ) डायरी |
| | (ग) देशज |

www.rajeshsir.co.in
HD0650328

**5** एक वाक्य में उत्तर लिखिए : **1×7=7**

(i) पहलवान लुट्टन सिंह के कितने पुत्र थे? – 2

(ii) 'बाल–बाल बचना' मुहावरे का क्या अर्थ है? किसी संकट या मुश्किल से बहुत मुश्किल से बच जाना

(iii) सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर कौन सा था? मोहनजोदड़ो

(iv) आम तौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होती है? 15 से 30 मिनट

(v) 'सूरज का सांतवा घोड़ा' किसकी रचना है? – धर्मवीर भारती

(vi) शांत रस के स्थाई भाव का नाम लिखिए। ⇒ निर्वेद

(vii) आलोक धन्वा का एक मात्र काव्य संग्रह कौन सा है? लिखिए। दुनिया रोज बनती है।

**6** किन्हीं दो महाकाव्य के नाम उनके रचनाकारों के साथ लिखिए। **2**

**अथवा**

खण्डकाव्य और महाकाव्य में दो अंतर लिखिए।

**7** सोरठा छंद का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। **2**

**अथवा**

वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**8** भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती कैसे हो गई? लिखिए। **2**

**अथवा**

मनुष्यों की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर करती है? लिखिए।

**9** कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए। **2**

**अथवा**

आत्मकथा और जीवनी में कोई दो अंतर लिखिए।

**10** निपात शब्द का अर्थ बताते हुए कोई दो निपात शब्द लिखिए। **2**

**अथवा**

राष्ट्रभाषा की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

11 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

(i) राम ने अयोध्या आ जाना। राम अयोध्या आ जाना

(ii) ललिता एक फूलों की माला बाजार से लाई। ललिता फूलों की एक माला बाजार से लाई

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

(i) बालक रो–रो कर चुप हो गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) बालक रोता रहा और चुप हो गया।

(ii) मयूर वन में नाचता है। (संदेह वाचक वाक्य में बदलिए) शायद। मयूर वन में नाचता है?।

12 मुअनजो–दड़ो की नगर नियोजन की दो विशेषताएं लिखिए। 2

**अथवा**

"सिल्वर वैडिंग की भव्य पार्टी यशोधर बाबू को 'समहाउ इंप्रापर' लगने के बाद भी संतोषजनक रही।" लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

13 समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय शैली कौन सी है? नाम लिखकर चित्र बनाइए। 2

**अथवा**

मुद्रित माध्यमों में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य किन्हीं दो बातों को लिखिए।

14 बच्चे किस आशा में नीड़ों से झांक रहे होंगे? 2

**अथवा**

भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या अर्थ है? लिखिए।

15 छायावाद की परिभाषा लिखते हुए किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए। 2

**अथवा**

प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम लिखते हुए दो विशेषताएं लिखिए।

16 रघुवीर सहाय अथवा फ़िराक गोरखपुरी का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 3

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष – कलापक्ष (iii) साहित्य में स्थान

17 महादेवी वर्मा अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 3

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा–शैली (iii) साहित्य में स्थान

18 भाव विस्तार कीजिए : 3

'मन के हारे हार है मन के जीते जीत'

**अथवा**

मुहावरा और लोकोक्ति में तीन अंतर लिखिए।

19 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3

हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव।
वचन में सत्य, हृदय में तेज, प्रतिज्ञा में रहती थी टेव।
वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान।
वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान।
जिएं तो सदा इसी के लिए, यह अभिमान रहे, यह हर्ष।
निछावर कर दें हम सर्वस्व, हमारा प्यारा भारत वर्ष।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) भारतवासियों की क्या विशेषताएं हैं?

(iii) हम अपने देश पर क्या न्यौछावर कर सकते हैं?

**अथवा**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राष्ट्रीय भावना में शौर्यभाव का अपना विशिष्ट स्थान है। राष्ट्र गौरव का बखान और उसकी रक्षा का प्रबल भाव जिस कविता में व्यक्त होता है उस वीर भाव को शौर्य के अन्तर्गत गिना जाता है। शौर्य का भाव आत्म गौरव से परिपूर्ण होता है। हिन्दी कविता के सुदीर्घ इतिहास में इस भाव की प्रतिष्ठा प्रायः सभी युगों में होती रही है। आदिकाल से ले कर आधुनिक युग तक किसी न किसी रूप में शौर्य और देशप्रेम का भाव जाग्रत रहा है।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) राष्ट्रीय भावना में किसका विशिष्ट स्थान है?

(iii) 'सुदीर्घ' शब्द का अर्थ लिखिए।

www.rajeshsir.co.in
HD0650328

20 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – 4

यह शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहां से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं।

**अथवा**

इस दंड–विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी, जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल–जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता। सारी चुगली–चबाई की परिणति, उसके पत्नी–प्रेम को बढ़ाकर ही होती थी। जिठानियां बात–बात पर धमाधम पीटी–कूटी जातीं, पर उसके पति ने उसे कभी उंगली भी नहीं छुआई। वह बड़े बाप की बड़ी बात वाली बेटी को पहचानता था।

21 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – 4

किसबी, किसान–कुल, बनिक, भिखारी, भाट,
चाकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी।
पेट को पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरि,
अटत गहन–गन अहन अखेटकी॥
ऊंचे–नीचे करम, धरम–अधरम करि,
पेट ही को पचत, बेचत बेटा–बेटकी।
'तुलसी' बुझाई एक राम घनस्याम ही तें,
आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेट की॥

**अथवा**

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिलजरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो।



www.rajeshsir.co.in

22 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए: 4

(i) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(ii) कम्प्यूटर का हमारे जीवन में महत्व

(iii) अंतरिक्ष की ओर भारत के बढ़ते कदम

(iv) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

(v) प्रदूषण का बढ़ता प्रभाव

23 नगर निगम के निगमायुक्त को नियमित जल आपूर्ति करवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने बड़े भाई की शादी में आने के लिए अपने मित्र को आमंत्रण पत्र लिखिए।

www.rajeshsir.co.in